# ज्ञान और तकनीक का गढ़ बनेगा यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो

## स्टार्टअप इकोसिस्टम से 10 खरब डॉलर अर्थव्यवस्था पर फोकस, ट्रेड शो में आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स में विकास पर भी होगी चर्चा

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) 2025 में सिर्फ उत्पादों और निवेश का ही नहीं बल्कि नॉलेज सेशन के जरिये प्रदेश सरकार के विजन पर भी फोकस होगा। स्टार्टअप, आईटी, इंश्योरेंस, फाइनेंस मैनेजमेंट, मेडिकल हेल्थ, ई कॉमर्स और स्किल डेवलपमेंट जैसे विषयों पर विशेषज्ञ अनुभव साझा करेंगे। सरकार ने इसे युवाओं, उद्यमियों और निवेशकों के लिए फ्यूचर रेडी प्लेटफॉर्म बनाने की तैयारी की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 सितंबर को ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में यूपीआईटीएस का शुभारंभ करेंगे।

### प्रधानमंत्री 25 सितंबर को करेंगे ट्रेड शो का उद्घाटन

नॉलेज सेशन की शुरुआत 26 सितंबर से होगी जो 28 तक जारी रहेगी। विजन के मुताबिक उत्तर प्रदेश को 10 खरब डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने में ज्ञान, नवाचार और तकनीक की अहम भूमिका होगी। इससे स्टार्टअप्स, उद्यमियों और निवेशकों को नए अवसर मिलेंगे और यूपी की प्रगति को गति मिलेगी।

26 सितंबर को सुबह एकेटीयू का सत्र होगा। इसका विषय वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी में स्टार्टअप इकोसिस्टम का योगदान होगा। दोपहर में आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, यूपी-यूपीएलसी का सत्र होगा, जो प्रदेश में आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री के विकास पर केंद्रित रहेगा। वहीं, 26 सितंबर को ही शाम को मेडिकल हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर विभाग वायरल हेपेटाइटिस और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना पर वर्कशॉप करेगा। इसके बाद नॉन लाइफ और हेल्थ इंश्योरेंस पर सत्र होगा। फिर वित्त विभाग का सत्र होगा, जिसमें प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना शामिल होंगे।

27 सितंबर को शहरी विकास, मेडिकल हेल्थ, एफआईईओ ई कॉमर्स और सीएम युवा के तहत विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू एक्सचेंज प्रोग्राम होगा। शाम 6 बजे से खादी पर फैशन शो आयोजित किया जाएगा। 28 सितंबर को गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय इंडस्ट्री-एकेडमिया पर सत्र आयोजित करेगा। 29 सितंबर को अवॉर्ड्स से शो का समापन होगा।